जस राजस्थान दिनांक : 23 अप्रेल, 2013 पेज : 2

विश्व की सिरमौर मेवाड़ की रॉल्स रॉयस पर प्रकाशित पुस्तक का विमोचन

197 पृष्ठों पर 261 रंगीन चित्रों में सजी रॉल्स रॉयस कार



उदयपुर। गार्डन होटल स्थित विंटेज एण्ड क्लासिक कार कलेक्शंस के संग्रह में रखी विंटेज कार। कॉफी टेबल बुक 'द रॉयल उदयपुर आरआरजीएलके 21 क्लासिक ड्राइव फ्रॉम डर्बी टू उदयपुर टू पेबल बीच एण्ड...कंटीन्यूस' का प्रथम एवं अंतिम पृष्ठ।

उदयपुर, 22 अप्रेल। गत वर्ष अगस्त माह में अमेरिका के कैलिफॉर्निया प्रांत के पेबल बीच में आयोजित दुनियाभर की विंटेज कारों की प्रतियोगिता में उदयपुर के मेवाड़ घराने की विंटेज कार '1924 रॉल्स रॉयस 20 एचपी, बारकर ट्योरर' (जीएलके 21) को अपनी श्रेणी में दुनिया भर में प्रथम नवाजा गया। इस संपूर्ण समारोह पर महाराणा मेवाड़ चेरिटेबल फाउण्डेशन उदयपुर के प्रबंध न्यासी एवं अध्यक्ष तथा एचआरएच ग्रुप ऑफ होटल्स उदयपुर के चेयरमेन श्रीजी अरविंद सिंह मेवाड़ के निर्देश पर लिखी पुस्तक 'द रॉयल उदयपुर आरआरजीएलके 21 क्लासिक ड्राइव फ्रॉम डर्बी टू उदयपुर टू पेबल बीच एण्ड...कंटीन्यूस' (कॉफी टेबल बुक) का सोमवार को यहां सिटी पैलेस स्थित शंभू निवास पैलेस में विमोचन किया गया। 197 पेजों एवं 261 रंगीन चित्रों के साथ प्रकाशित इस किताब में मेवाड़ घराने की ऐतिहासिक कारों, पेबल बीच में आयोजित समारोह के साथ विजेता कार की संपूर्ण यात्रा बृतांत दर्शाया गया है। पुस्तक में सामग्री संकलन विंटेज एण्ड क्लासिक कार कलेक्शन सिटी पैलेस के प्रबंधक अनु विक्रम सिंह करजाली ने किया है। जबकि सहयोग बॉब रूपानी एवं गौतम सेन ने किया है। पुस्तक का प्रकाशन महाराणा मेवाड़ हिस्टोरिकल पब्लिकेशन ट्रस्ट ने करवाया है।

उल्लेखनीय है कि शहर के ऐतिहासिक सिटी पैलेस के जनाना महल के कोने में वर्षों से रखी विंटेज कार '1924 रॉल्स रॉयस 20 एचपी, बारकर ट्योरर' (जीएलके 21) गत वर्ष अगस्त माह में अमेरिका के कैलिफॉर्निया प्रांत के पेबल बीच में आयोजित दुनिया भर की विंटेज कारों की प्रतियोगिता में सिरमौर नवाजी गई। इस ऐतिहासिक शानदार कार को प्राप्त हुए विश्व स्तरीय सम्मान को महाराणा मेवाड़ चेरिटेबल फाउण्डेशन उदयपुर के प्रबंध न्यासी एवं अध्यक्ष तथा एचआरएच ग्रुप ऑफ होटल्स उदयपुर के चेयरमेन श्रीजी अरविंद सिंह मेवाड़ ने स्वयं प्राप्त किया। पेबल बीच गोल्फ कोर्स में आयोजित चार दिवसीय समारोह में विश्व के विंटेज कारों के जानकार चुनिंदा जजों के पैनल ने उदयपुर की इस ऐतिहासिक एवं विंटेज कार को प्रथम पुरस्कार स्वरूप ल्यूकस बीब ट्राफी प्रदान की थी।

इस पुस्तक में विजेता विंटेज कार का प्रतियोगिता में जाने से पूर्व की स्थिति, यात्रा वृतांत, प्रतियोगिता में भागीदारी तथा पुरस्कार जीतने के बाद पुनः उदयपुर आगमन के साथ ही मेवाड़ घराने में अब तक इस विंटेज कारों का योगदान शाही मेहमानों का इनमें आगमन, विंटेज कारों का रखरखाव, विंटेज एण्ड क्लासिक कार कलेक्शन में कारों का अमूल्य संग्रह, विंटेज कारों को लेकर देश एवं देश के मेहमानों के शुभकामना संदेश, पूर्व में मेवाड़ के महाराणाओं के लवाजमे में विंटेज कारों का प्रयोग श्वेत-श्याम एवं रंगीन चित्रों के साथ अंग्रेजी भाषा में सार सहित दर्शाया गया है। यह पुस्तक सिटी पैलेस संग्रहालय के उद्या म्यूजियम बुक शॉप से प्राप्त की जा सकती है। इस पुस्तक के संदर्भ में अधिक जानकारी एवं ऑनलाइन बुकिंग के लिए कार प्रेमी पाठक http://www.royalcarsofudaipur.org/Rolls-Royce-Book.aspx पर विजिट कर सकते है। विजेता कार को एचआरएच ग्रुप ऑफ होटल्स की गार्डन होटल स्थित विंटेज एण्ड क्लासिक कार कलेक्शंस के संग्रह में देखा जा सकता है।